05.12.2025 **आकाशवाणी मध्यप्रदेश** 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति – हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, नई दिल्ली में नौ दिसम्बर को विशिष्ट शिल्पकारों को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2023 और वर्ष 2024 के हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और राज्यमंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा भी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह भारत के कारीगरों के प्रति सम्मान के रूप में प्रति वर्ष आठ दिसंबर से मनाया जाता है।

रिजिजू–वक्फ संपत्तियां

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि अब तक एक लाख 51 हज़ार से ज़्यादा वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत हो चुकी हैं। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि उम्मीद पोर्टल पर संबंधित पक्षों को सभी वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत करने के लिए आज आखिरी दिन है और लाखों संपत्तियां अभी भी पंजीकृत नहीं हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले तीन महीनों तक मंत्रालय उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कराने वालों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगा और न ही कोई सख्त कार्रवाई करेगा।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विधानसभा समिति कक्ष से पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया से चयनित नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दिया जा रहा नियुक्ति पत्र बच्चों की मुस्कुराहट, पोषण और मातृ स्वास्थ्य की जिम्मेदारी निभाने का वचन है। देश में पहली बार मध्यप्रदेश ने आंगनवाड़ी भर्ती के लिए पूरी तरह ऑनलाइन, पारदर्शी व मेरिट आधारित प्रक्रिया अपनाई है।

आरबीआई–रेपो दर

रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को और बढ़ावा देने के लिए आज ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 5 दशमलव दो–पांच प्रतिशत कर दिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पाँचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में इस निर्णय की घोषणा की। इससे आवास, ऑटो और वाणिज्यिक सहित विभिन्न ऋण सस्ते होने की उम्मीद है।

इस बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8 दशमलव 2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की गई।

एस.आई.आर.

निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के तहत प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की सभी पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन का काम 95 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

स्थापना दिवस

प्रदेश में होम गाड्र्स और नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम राजधानी भोपाल में सुबह 10 बजे शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सलामी लेकर होम गाड्र्स और नागरिक सुरक्षा बल के जवानों के उत्साह को बढ़ाएंगे और प्रदेशवासियों को विशेष संदेश देंगे।

मौसम

प्रदेश में सर्दी बढ़ने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। बीती रात 9 शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। प्रदेश में आने वाले दिनों में बर्फीली हवाओं से कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि हिमालयी क्षेत्र में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से पहाड़ों में बर्फबारी–बारिश होगी और फिर ठंडी हवाएं प्रदेश में आएगी। जिससे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में भी कड़ाके की सर्दी का असर देखने को मिलेगा।

कुछ समाचार संक्षेप में –

- शिवपुरी जिले में मनरेगा एवं आजीविका मिशन की एक बगिया माँ के नाम परियोजना के अंतर्गत कल जनपद सभाकक्ष कोलारस में एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए आगरमालवा जिले के विभिन्न विद्यालयों में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने भोपाल–रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।
- नर्मदापुरम सहित तहसील स्तर के न्यायालयों में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी।